



# गुना के कारिंदों का विदिशा तक आतंक

## रात्रि गश्त में आनंदपुर पुलिस ने धर दबोचा

**नवभारत न्यूज**

**आनंदपुर 5 सितम्बर, आनंदपुर थाना क्षेत्र में बीती रात खाद्यान्न चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा हुआ है. पुलिस ने मौके से एक पिकअप बोलेरो वाहन जिसका नंबर एमपी 37 जीए 2854 वाहन पकड़ा है, जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) से जुड़ा बताया जा रहा है. यह वाहन पूर्व विधायक गोवर्धन लाल उपाध्याय के वेयरहाउस से गल्ला चोरी कर रहा था.**

सूत्रों के अनुसार पकड़ी गई



गाड़ी गुना जिले के एक साहू परिवार की बताई जा रही है, वहीं आशंका जताई जा रही है कि चोरी में गुना-शिवपुरी के कंजर गिरोह शामिल हैं. इससे पहले भी सिरोंज क्षेत्र के एक वेयरहाउस से गल्ला चोरी हो चुका है. दूसरी बार भी चोरी की कोशिश की



गई, लेकिन इस बार रात करीब 2 बजे गश्त कर रही आनंदपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर दी. जानकारी के मुताबिक, चोरी में 8 से 10 लोग शामिल थे, जो पुलिस को देखते ही मौके से फरार हो गए. हालांकि पुलिस ने एक ड्राइवर को हिरासत में लेने की पुष्टि आधिकारिक तौर पर नहीं की है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि ड्राइवर पुलिस की गिरफ्त में है. गाड़ी से

### चौकीदार नदारद, मिला भारी गल्ला

अधिकारिक सूत्रों के अनुसार वारदात के समय चौकीदार मौके से नदारद था. इस बीच एक हम्माल से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. चोरी की वारदात के दौरान वाहन को वेयरहाउस के पिछले हिस्से में खड़ा किया गया था, जहां कैमरा नहीं था. वहां से मसूर भरने का काम हो रहा था. पुलिस को करीब 40 से 50 क्विंटल मसूर के कट्टे वेयरहाउस के बाहर पड़े मिले.

मोबाइल और कुछ हथियार भी बरामद हुए हैं. इस संबंध में वेयरहाउस संचालक सुरेंद्र उपाध्याय ने बताया कि उन्हें सुबह जानकारी मिली कि रात करीब 3 बजे आनंदपुर पुलिस ने सूचना दी थी. पुलिस ने बताया कि कुछ लोग वेयरहाउस से मसूर के बोरे भरकर ले जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने मौके पर पकड़ लिया है. आनंदपुर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है. इस मामले में लटेरी के एसडीओपी अमरेश बोहरे ने बताया कि एक वाहन को पकड़ा जिसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है. वहीं 4-5 संदिग्धों के बारे में भी जानकारी मिली है जिनको तलाश किया जा रहा. जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा.

# 1400 रुपये की लूट के लिए किया था मर्डर

**खास बातें**

- शहरवासा में हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा,2 आरोपी गिरफ्तार
- 200 सीसीटीवी खंगाले ,150 संदिग्धों से की पूछताछ तब पकड़ में आए आरोपी

**नवभारत न्यूज**

**पठारी 5 सितम्बर,** शहरवासा गावं में 24 एवं 25 अगस्त की दरमियानी रात को हुई हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया है. यह हत्या महज 1400 रुपए की लूट के लिए किया गया था. पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.पुलिस को ग्राम शहरवासा के पास खेत में कीचड़ में सनी हुई लाश मिली थी जिसकी शिनाख्ती मृतक देशराज अहिरवार निवासी ग्राम साहिबा के रुप की गई थी. अज्ञात आरोपियों ने देशराज की गला दबाकर हत्या कर दी थी. पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी.

जांच में खुलासा हुआ कि मृतक से 1400 रुपए की लूट को लेकर उसकी हत्या की गई थी. एसपी के निर्देशन में, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी रोशनी सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना पठारी, थाना पथरिया एवं अन्य पुलिस टीमों ने वारदात को अंजाम देनो वाले दोनोंआरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. जांच के दौरान पुलिस टीम ने 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का गहन विश्लेषण, लगभग 150 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ तथा विभिन्न स्थानों पर लगातार दबिश देकर आरोपियों की तलाश की. तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार किया गया. जिसमें आरोपी मोनू वंशकार पिता मोहन सिंह, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम साहिबा थाना शहर बासौदा एवं दूसरा सौरभ वंशकार पिता देवेंद्र वंशकार, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम साहिबा टपरा थाना शहर बासौदा इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पठारी गौरव वाजपेई, थाना प्रभारी पथरिया ऋतुराज बिनजारे, प्रभारी साइबर सेल गौरव रघुवंशी, सउनि केसरी प्रसाद शर्मा, प्रधान आरक्षक जितेंद्र यादव आदि टीम का योगदान रहा.

## आज अनंत चौदस पर होगा गणेश विसर्जन, बनाए 6 मंच

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** शहर में चल रहे गणेश उत्सव का समापन आज अनंत चौदस के अवसर पर भव्य गणेश विसर्जन के साथ होगा. इस दौरान शहरभर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिलेगा. प्रशासन एवं सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा तैयारियां जोरों पर की जा रही हैं.समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि गणेश उत्सव चल समारोह शनिवार शाम 7 बजे से शुरू होगा. मार्ग पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं के स्वागत हेतु छह अलग-अलग मंच तैयार किए गए हैं. इन मंचों के लिए 6 प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं, जो अपने-अपने क्षेत्रों — आबकारी विभाग, माधवगंज, नगर पालिका, तिलक चौक, बड़े बाजार एवं बजरिया मंचों पर व्यवस्था संभालेंगे.

# नेशनल केप्सूल कंपनी पर गंदा पानी छोड़ने का आरोप

**संचालक ने निकलने बाले पानी को बताया पौष्टिक**

**सरपंच और सचिव शिकायत करने पहुंचे**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा , ग्राम पंचायत करैया हवेली के अंतर्गत आने वाले सुआखेड़ी हवेली के सार्वजनिक तालाब और प्राकृतिक नाले में नेशनल केप्सूल कंपनी द्वारा तरल अपशिष्ट छोड़े जाने की शिकायत सरपंच और सचिव ने शुक्रवार को कलेक्टर से की. दोनों का कहना है कि अपशिष्ट के कारण तालाब और नाले का पानी जहरीला हो गया है. इससे मछलियों व जानवरों की जान पर संकट मंडरा रहा है. पानी से तेज दुर्गंध आने के कारण ग्रामीण उसका उपयोग नहीं कर पा रहे. यही पानी सिंचाई में भी जाता है, जिससे फसलों को नुकसान का खतरा है. कलेक्टर को आवेदन देकर मांग की है कि कंपनी की जांच कराई जाए और जहरीले पानी की सफाई की व्यवस्था की जाए.**

इस पर नेशनल कैप्सूल कंपनी के संचालक राकेश शर्मा ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हम पेस्टिसाइड नहीं बनाते, हमारी यूनिट में केवल ह्यूमन दवाइयां बनती हैं. इसमें खाने वाले कलर उपयोग होते हैं, जो फसलों और जानवरों के लिए पौष्टिक हैं. फैक्ट्री में ईटीपी प्लांट लगा है, जिसमें पानी साफ होता है, हां कभी ओवरफ्लो की स्थिति में पानी बाहर निकल सकता है.

# विदिशा में धूमधाम से निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी पर शुक्रवार को मुस्लिम समाज ने शहर में धूमधाम से जुलूस निकाला. यह जुलूस बजरिया से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होता हुआ पुन: बजरिया में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी परवेज अहमद, चौधरी फरहत अली, जनरल मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष चौधरी मुशाहिद अली, जुलूस अध्यक्ष चौधरी जुबेर अहमद पाशा सहित अनेक समाजजन मौजूद रहे। अंत में चौधरी असरार अहमद नूरी ने दुआ कराई.

# दीवार तोड़कर चार दुकानों में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, मिर्जापुर स्थित नई कृषि उपज मंडी में बीती रात चोरों ने एक के बाद एक चार दुकानों में सेंध लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. चोरों ने पहले दुकानों के ताले तोड़ने की कोशिश की, लेकिन सेंट्रल लॉक होने से असफल रहे. इसके बाद वे पीछे की तरफ पहुंचकर दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे.**

चोरों ने तीन दुकानों की दीवार तोड़कर हजारों रुपए का माल पार कर लिया, वहीं एक चाय की दुकान से गुटखा, सिगरेट के पैकेट और नगदी चुरा ली. पूरी घटना पास की कीटनाशक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई.



# बाढ़ वाले श्रीगणेश मंदिर पर अखंड रामायण पाठ व भंडारा

**केंद्रीय मंत्री पत्नी और बहू सहित हुए शामिल**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** रंगई स्थित बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर शुक्रवार को आयोजित अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति एवं भंडारा कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह चौहान शामिल हुए. पूर्णाहुति के उपरांत उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने सभी से लोगों से स्वदेशी बस्तुओं को अपनाने की अपील की. उन्होंने कहा कि नशा सेहत के लिए ठीक नहीं है लीवर की समस्या के मरीज प्रतिदिन बढ़ रहे हैं उन्होंने कहा कि वे संकल्प लें कि शराब या किसी भी नशे सेवन नहीं करेंगे.

